Date :- 12-09-2024
Dainik Bhaskar, Page-12, Surat

अहमदाबादः पीएम मोदी मेट्रो फेज-2 का 16 को उद्घाटन करेंगे

वासणा से गांधीनगर सेक्टर-1 ₹35 में पहुंच सकेंगे

भास्कर न्यूज | अहमदाबाद

गुजरात सरकार और भारत सरकार के साथ साझेदारी में गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (जीएमआरसी) द्वारा मेट्रो रेल नेटवर्क का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। मेट्रो रेल रूट के दूसरे चरण का उद्घाटन 16 सितंबर को सेक्टर-1 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। मेट्रो रेलवे का दूसरा चरण शुरू होगा। वासणा एपीएमसी अहमदाबाद से गांधीनगर सेक्टर 1 तक मेट्रो यात्रा का किराया 35 रुपए है और 65 मिनट में 33.5 किमी की दूरी तय करती है। यह मार्ग गांधीनगर के महत्वपूर्ण स्थानों जैसे जीएनएलयू, पीडीईयू, गिफ्ट सिटी, रायसन, रांदेसण, धोलाकुंआ सर्कल, इन्फोसिटी और सेक्टर 1 क्षेत्र को कवर करेगा। मेट्रो रेलवे के दूसरे चरण के शुरू होने से अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी और नागरिकों की यात्रा तेज, सुरक्षित और राहत भरी होगी।

यह चरण मोटेरा से गांधीनगर तक मेट्रो कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। चरण का एक कॉरिडोर गिफ्ट सिटी तक जाएगा। इससे कर्मचारियों और पर्यटकों तक अधिक पहुंच के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। यह चरण 21 किमी का है। जिसमें शुरुआत में गांधीनगर के आठ स्टेशनों पर मेट्रो चलेगी।